# चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
# Ch. Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : परीक्षा/3793 दिनांक : 28.08.2025

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,
चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

विषय :— आन्तरिक/प्रयोगात्मक अंक अपलोड किये जाने के सम्बन्ध में ।

महोदय/महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषय का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। जैसा कि आप अवगत हैं कि चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय नैक $A^{++}$ प्रत्यायित विश्वविद्यालय है। विश्वविद्यालय एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों में प्रदेश के विभिन्न जनपद/अन्य प्रदेशों के छात्र अध्ययन करते हैं। किन्तु प्रायः यह देखने में आता है कि प्रवेशित छात्रों के आन्तरिक एवं प्रयोगात्मक अंक कतिपय कारणों से विश्वविद्यालय पोर्टल पर समय से अपलोड नहीं किये जाते हैं जिसके कारण अध्ययनरत छात्र अपना परीक्षा परिणाम पूर्ण कराने हेतु महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय में भटकते रहते हैं। उक्त स्थिति के कारण विश्वविद्यालय की छवि राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर धूमिल हो रही है।

इस सम्बन्ध में मुझे कहने का निर्देश हुआ है कि महाविद्यालय में प्रवेशित/अध्ययनरत छात्रों का डाटा एक बार विश्वविद्यालय पोर्टल पर अपलोड कर दिये जाने के बाद यह माना जायेगा कि महाविद्यालय का छात्र पर प्रवेश सम्बन्धी देय नहीं है तथा महाविद्यालय द्वारा पोर्टल पर अपलोड किये गये छात्रों के आन्तरिक एवं प्रयोगात्मक अंक नियमानुसार सम्पन्न कराकर प्रत्येक दशा में विश्वविद्यालय पोर्टल पर परीक्षा प्रारम्भ (सम्बन्धित पाठ्यक्रम/सत्र) से पूर्व अपलोड कर दिया जायेगा। अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित महाविद्यालय के प्रवेश पत्र निर्गत नहीं किये जायेंगे। विश्वविद्यालय महाविद्यालय द्वारा छात्रों से लिये जाने वाले किसी भी देय के लिये उत्तरदायी नहीं है तथा महाविद्यालय द्वारा विश्वविद्यालय पोर्टल पर छात्र का डाटा अपलोड किये जाने के बाद छात्र द्वारा परीक्षा फार्म भरे जाने एवं महाविद्यालय द्वारा छात्र का परीक्षाफार्म सत्यापित कर दिये जाने के बाद महाविद्यालय द्वारा किसी भी छात्र को आन्तरिक/बाह्य परीक्षा से वंचित नहीं किया जायेगा। महाविद्यालय में प्रवेशित/अध्ययनरत् छात्रों का डाटा अपलोड किये जाने हेतु अलग से पत्र निर्गत किया जायेगा। इसके अतिरिक्त महाविद्यालय द्वारा छात्र–छात्राओं के परीक्षाफार्म सत्यापित कर देने के पश्चात् किसी भी दशा में महाविद्यालय के अनुरोध पर छात्र–छात्राओं के परीक्षा परिणाम/मूल अंकतालिकायें निरूद्ध नहीं की जायेंगी।

भवदीय,

परीक्षा नियन्त्रक

<u>प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :—</u>

1. वैयक्तिक सहायक कुलपति को मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ।
2. वैयक्तिक सहायक प्रति–कुलपति को प्रति–कुलपति के सूचनार्थ।
3. वैयक्तिक सहायक कुलसचिव को कुलसचिव के सूचनार्थ।
4. वैयक्तिक सहायक वित्त अधिकारी को वित्त अधिकारी के सूचनार्थ।
5. उपकुलसचिव(परीक्षा)।
6. विश्वविद्यालय द्वारा अधिकृत एजेन्सी।
7. प्रभारी–विश्वविद्यालय वेबसाइट को इस आशय के साथ प्रेषित कि कृपया संदर्भित पत्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें।
8. विश्वविद्यालय प्रेस प्रवक्ता को इस आशय से प्रेषित कि उपरोक्त सूचना छात्रहित में निःशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करें।
9. AR Conf.

उप–कुलसचिव (परीक्षा)